**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जुलाई 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

कैथल में आज सुबह नशों के विरुद्ध हाफ मैराथन निकाली गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हॉफ मैराथन में युवा एवं बुजुर्ग धावकों पर पुष्प वर्षा कर मैराथन की शुरुआत की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान केंद्रित कर प्रदेश को नशा मुक्त बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नशा करता है तो उससे दूरी न बनाए उसे समझाने का काम करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवाओं को नशों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा

इस मैराथन में धावकों ने 5 किलो मीटर से लेकर 21 किलो मीटर तक की दौड़ में हिस्सा लिया। दौड़ में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री ने चेक देकर प्रोत्साहित किया। इस मैराथन में लड़कियों ने लडकों को पछाड़ दिया। 21 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान पाने वाली लडक़ी को एक लाख,21 हजार रुपए और 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल करने वाली लडक़ी को एक लाख रुपए का चैक दिया गया। मैराथन में ओपन दौड़ में हिस्सा लेने वाले फतेहाबाद के 75 साल के रामस्वरूप ने पहला स्थान हासिल किया। दस किलोमीटर दौड़ में प्रकाश प्रथम, मोहित द्वितीय व रोहित वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार दस किलोमीटर लड़कियों की दौड़ में अंजली देवी प्रथम, सुनीता द्वितीय व बबीता कौर तीसरे स्थान पर रही। 21 किलोमीटर दौड़ में सोनिका प्रथम, अंकिता बेन द्वितीय व नीता रानी तीसरे स्थान पर रही। जबकि पुरूष वर्ग में नीतिश कुमार प्रथम, विकास द्वितीय और मुकेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर पैरा ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता एवं पद्मश्री तीरंदाज हरविंदर सिंह ने अपने गृह जिले कैथल में नशे के खिलाफ इतने बड़े आयोजन पर खुशी जताई और कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहना चाहिए और अपना एक लक्ष्य तय करना चाहिए।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल गांव कवारतन में शहीद संजय सिंह के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने उसके परिवार जनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। परिवार की नियमानुसार हर संभव मदद की जाएगी। 10 सिख रेजिमेंट के हवलदार संजय सिंह लेह-लद्दाख में तैनात थे।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले लगभग 11 वर्षों में हरियाणा में डबल इंजन की सरकार लगातार हर क्षेत्र का समान रूप से विकास कर रही है और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। मुख्यमंत्री ने कैथल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता विकास को लेकर बेबुनियाद बाते कर रहे हैं क्योंकि उन्हें प्रदेश में हुआ विकास दिखाई नहीं देता। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता अपनी सरकार के समय को याद करें, जब नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी डबल इंजन सरकार ने जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में नया आयाम रचा है। सेवा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, सरलता और सुलभता को बढ़ावा दिया है। परिवार पहचान पत्र जैसी अभिनव पहल के जरिए योजनाओं की सीधी पहुँच नागरिकों तक बनी है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय में तो बुजुर्गों को पेंशन बनवाने के लिए दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे, फिर भी दो-दो साल तक पेंशन का लाभ नहीं मिलता था। जबकि उनकी सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन का लाभ देकर बुजुर्गों को बड़ी राहत दी है।

************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल कैथल में पांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। इन अधिकारियों में कैथल नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता, नगर पालिका पूंडरी व नगर पालिका सीवन के सचिव, ढांड मार्केट समिति के सचिव व नगर पालिका पूंडरी के नगरपालिका इंजीनियर शामिल हैं। इन अधिकारियों में कार्यकारी अभियंता सहित नगर पालिकाओं के सचिवों के अधीन 864 दिन, 211 दिन व 191 दिनों से विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाकर आगामी कार्रवाई न करने पर लापरवाही बरतने के आरोप हैं। इसके अलावा ढांड मार्केट कमेटी सचिव पर एक शिकायतकर्ता की सुनवाई न करने की लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास चंडीगढ़ पहुंचा था। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बैठक में जिले में विभिन्न गांवों व शहरों में सड़कों के खराब हालत के फोटो दिखाकर अधिकारियों से एक-एक सवाल का जवाब लिया। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय के लंबित कार्य को जल्द पूरा करने के साथ-साथ इसके बीच में से गुजर रहे नाले के सौंदर्यकरण व इसके ऊपर से रास्ता देने के लिए अलग से टेंडर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलायत की कपिल मुनी माइनर व कैथल की वृद्घ केदार झील सहित जिले के खेल स्टेडियम व व्यायामशालाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए।

************************************************************************